22 august 2026

# संस्कृत दिवस समारोह - 2026

संस्कृत दिवस समारोह - 2026 का गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सफल आयोजन किया गया I कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पधारे प्रो. मिश्रीलाल ने कहा कि विना संस्कृत के उत्थान के भारतीय संस्कृति का संरक्षण कदापि संभव नहीं है क्योंकि संस्कृत भाषा एवं भारतीय संस्कृति एक-दूसरे के पूरक तत्त्व हैं I संस्कृत भाषा में विश्वकल्याण कि कामना कि गई है अत एव यह सदा उपादेय है I इस अवसर पर संस्कृत विभाग से अयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के अन्य विभागों से अनेक प्रतिभागियों ने सहभागिता कर उत्कृष्ट प्रस्तुति दी I इनमें स्तोत्रपाठ एवं संस्कृतगीत प्रतियोगिता में- प्रथम स्थान- रोहित दूबे (स्नातकोत्तर प्रथमवर्ष), द्वितीय स्थान- वृषभानु तिवारी (स्नातक तृतीयवर्ष), तृतीय स्थान- अभय कुमार पाण्डेय (स्नातक तृतीयवर्ष) I संस्कृत भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान- जयन्त देव (स्नातक द्वितीयवर्ष), द्वितीय स्थान- गोविन्द चन्द्र ज्योतिषी (स्नातक तृतीयवर्ष), तृतीय स्थान- आशीष शुक्ला (स्नातक द्वितीयवर्ष) I संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान- रोहित दूबे (स्नातकोत्तर प्रथमवर्ष), द्वितीय स्थान- शिवेंद्र कुमार (स्नातक तृतीयवर्ष), तृतीय स्थान- निर्जला (स्नातकोत्तर द्वितीयवर्ष) I संस्कृत श्लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान- शिवेंद्र कुमार (स्नातक तृतीयवर्ष) द्वितीय स्थान- रोहित दूबे (स्नातकोत्तर प्रथमवर्ष) तृतीय स्थान-आदर्श पाण्डेय (स्नातकोत्तर द्वितीयवर्ष) को प्राप्त हुआ I इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मिश्रीलाल, उप- प्राचार्या प्रो. संगीता जैन, विभागाध्यक्षा प्रो. पूनम सिंह, विभाग के प्राध्यापकगण डॉ. दीपक कुमार शर्मा, डॉ. त्रिपुर सुन्दरी, डॉ. रंग नाथ, डॉ. अमित कुमार मिश्र ने छात्रों की प्रस्तुति की प्रशंसा कीI






DAV PG COLLEGE
धियो यो नः प्रचोदयात्
VARANASI


DAV PG COLLEGE
VARANASI